### एक नजर में

## भावांतर भुगतान योजना की गई लागू

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**मप्र शासन द्वारा वर्ष 2025-2026 में सोयाबीन फसल के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत सोयाबीन किसानों के पंजीयन किए जाने है। पंजीयन किए जाने हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। भावांतर योजना एक मूल्य कमी भुगतान योजना है। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव से बचाना है।**

यदि किसान अपनी सोयाबीन की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बेचता है, तो सरकार एमएसपी और विक्रय मूल्य, मॉडल मूल्य के अंतर की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में भुगतान करेगी। पंजीयन 3 से लेकर 17 अक्टूबर तक किया जायेगा। पंजीयन की अंतिम तिथि का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए, जिसमें किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी। अत: 17 अक्टूबर से पहले ही पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। किसान जिले की 59 सहकारी समितियां, एमपी किसान पोर्टल पर स्वयं पंजीयन कर सकते हैं।

# 11वीं शरीफ के पर्व पर दिया आपसी सद्भावना का संदेश

**अब्दुल कादिर जिलानी साहब का मनाया जन्म दिवस**

**शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला जलसा**






**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**हर साल की तरह इस साल भी हज़रत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जिलानी उर्स-ए- पाक 11 वीं शरीफ का पर्व मुस्लिम समाज के लोगों ने उनके जन्मदिवस के रूप में मनाया। जन्म दिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर और गले मिलकर तहे दिल से मुबारकबाद दी। इस मौके पर समाज के लोगों ने सद्भावना का संदेश दिया।**

शनिवार को सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर की मस्जिदों में पहुंचकर हज़रत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जिलानी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 5 बजे से ही मस्जिदो में मुस्लिम समाज के लोगों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ लोगों ने यहां पहुंचकर11 वीं शरीफ पर जिलानी साहव के जन्मदिवस के अवसर पर जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया वही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर इबादत में भाग लिया। सुबह से ही शहर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों ने नमाज अदा की। मुस्लिम समाज के इस बड़े आयोजन को लेकर पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में शहर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी जिससे शहर की व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। हालांकि इस पर्व के आयोजन को लेकर पुलिस मनोहर सिंह मंडलोई काफी सजग दिखाई दिये। उन्होंने त्यौहार के दिन ही यहां की मुस्लिम समाज के पर्व की चाकचौबंद व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाई। त्यौहार के दौरान संवेदनशील इलाकों सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर ड्रोन एवं सीसी टीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई साथ ही सोशल मीडिया पर भी पुलिस बारीकी से नजर बनाये रही। शनिवार की दोपहर 2 बजे जिलानी साहव के जन्मदिवस के अवसर पर नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग जामा मस्जिद पर एकत्रित हुए जहां से अंजुमन सदर अब्दुल रज्जाक के प्रतिनिधित्व में विशाल जलसा का आयोजन किया गया। यह जलसा जामा मस्जिद से प्रारम्भ हुआ जो लुकमान चौराहा, सब्जी मंडी मार्ग, मजदूर चौराहा, सन्मति चौराहा, कटरा बाजार, पुरानी नगर पालिका, पुराना पोस्ट ऑफिस, जेठा चौराहा, छोटी देवी मंदिर, लक्ष्मी टॉकीज स्थित पुरानी तहसील मार्ग, स्टेट बैंक चौराहा, गांधी चौराहा, कोतवाली मार्ग, शैलसागर चौराहे से मिश्रा चौराहे होते हुये वापिस जामा मस्जिद पहुंचा जहां जलसा का समापन किया गया।

### समाज के लोगों ने तरह-तरह के व्यंजनों का लिया स्वाद

हज़रत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जिलानी साहव के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को जगह-जगह मिठाईयां बांटकर त्यौहार का आनन्द लिया गया इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों पर आकर्षक व्यंजन पकाये हुये थे जिसमें सिवईयां की खीर, खोवा की वर्फी, खोवा की गुजिया, लड्डू सहित अन्य व्यंजनों के नाम शामिल रहे। त्यौहार के दिन समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में अपने सहपाठियों को आमंत्रित कर रखा था। सहपाठियों ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुये इन सभी व्यंजनों का तहे दिल से स्वाद लिया।

## अलग-अलग स्थानों पर निकले सर्प



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**शहर के समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों से कोबरा सांपों के निकलने से लोगों में दहशत का माहौल दिखने को मिला है। हालाकि कुछ ही देर में एक सर्प मित्र ने दोनों सांपों का रेस्क्यू कर उन्हें जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया है।**

जानकारी के अनुसार पहला कोबरा सांप कुंवरपुरा निवासी हरप्रसाद कुशवाहा के घर से पकड़ा गया। दूसरा सांप नगर परिषद कारी निवासी भारत सोनी के पुराने मकान को गिराने के दौरान दिखा जिसके बाद उन्होंने तत्काल अमर सिंह को सूचना दी।अमर सिंह ने बताया कि ये दोनों कोबरा सांप अत्यंत जहरीले होते हैं। इनमें न्यूरोटॉक्सिन जहर पाया जाता है जो काटने पर शरीर को लकवाग्रस्त कर देता है और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह जानलेवा हो सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि सांप काटने पर तत्काल अस्पताल पहुंचें और एंटी-वेनम इंजेक्शन लगवाएं। झाड़-फूंक या तांत्रिक विधियों के चक्कर में न पड़ने की अपील की।रेस्क्यू किए गए दोनों सांपों को सुरक्षित तरीके से रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में छोड़ा जाएगा। अमर सिंह लोधी अब तक जिले के विभिन्न स्थानों से 100 से अधिक जहरीले सांपों को पकड़कर जंगलों में छोड़ चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से कोबरा सांपों के निकलने से लोगों में दहशत का माहौल दिखने को मिला है।

## पोस्टमार्टम कक्ष समीप कचरे को लेकर लोगों में नाराजगी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**मुख्यालय पर स्थित जिला अस्पताल परिसर में बने पोस्टमॉर्टम कक्ष के ठीक बगल में एक बार फिर कचरे का बड़ा ढेर जमा हो गया है। इससे पोस्टमॉर्टम कक्ष आने वाले लोगों को तेज बदबू का सामना करना पड़ रहा है। देर रात कुछ लोगों ने कचरे को लेकर नाराजगी जताई।**

करीब दो महीने पहले जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इसी जगह पर कचरे के ढेर के साथ सेल्फी लेकर गंदगी पर नाराजगी व्यक्त की थी। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को सफाई के निर्देश दिए थे जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने अस्थायी तौर पर साफ-सफाई करवा दी थी। हालांकि कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और अब बड़ी मात्रा में कचरा फिर से जमा हो गया है।

शहर के तमाम लोगों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन बायो-वेस्ट कचरे को लेकर लापरवाही बरत रहा है। पोस्टमॉर्टम कक्ष के बगल में खुले में मेडिकल कचरा फेंका जा रहा है। इस खुले कचरे को जानवर भी खा रहे हैं जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। मैं जिला प्रशासन से इस व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग करता हूं।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 9 तक रहेगा जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन पशुपालन विभाग भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में दुग्ध उत्पादन के लक्ष्य को दोगुना करने के लिए 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।**

कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अमले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौमैत्री, गौसेवकों के द्वारा पशुपालकों के घर घर जाकर सर्वे कार्य सम्पादित कराया जायेगा। इसका मुख्य उदेद्श्य दुग्ध उत्पादन को दुगना करने के लिए, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु स्वास्थ्य,पशुधन टीकाकरण, पशुपोषण, हरा चारा ,पशु आहार एवं पशुपालकों को जागरूक करना है। कार्यक्रम तीन चरण में संचालित किया जायेगा। जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत विकासखण्ड टीकमगढ़ अन्तर्गत आने वाले 143 ग्राम एवं 57 वार्ड, विकासखंड बल्देवगढ़ अन्तर्गत आने वाले 156 ग्राम एवं 30 वार्ड, विकासखण्ड पलेरा अन्तर्गत आने वाले 135 ग्राम एवं 15 वार्ड विकासखण्ड जतारा अन्तर्गत आने वाले ग्राम 196 एवं 30 वार्ड के अन्तर्गत कुल-762 ग्राम पंचायत,ग्राम,वार्ड में प्रथम चरण में 10 या 10 से अधिक गाय एवं भैंस रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क किया जायेगा। सूची का सत्यापन कर नस्ल एवं पशुपोषण सुधार के सबंध में निर्देश दिए।

## ऊषा निर्विरोध चुनी गईं ग्राम पंचायत की सरपंच



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़।**

**ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में शनिवार के दिन ऊषा केवट को निर्विरोध सरपंच चुना गया। यह चयन 20 पंचों की मतदान प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है। चुनावी प्रक्रिया में सभी ने ऊषा पत्नी किशन केवट के नाम पर सहमति जताई। उन्हें अगले छह महीने के लिए सरपंच नियुक्त किया गया है।**

यह पद पूर्व सरपंच कम्मोद केवट के निधन के कारण रिक्त हुआ था। करीब 15 दिन पहले बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। शासन के नियमानुसार नए सरपंच के चुनाव की प्रक्रिया छह महीने के भीतर पूरी की जानी होती है। इस अवधि के लिए पंचों द्वारा एक अस्थाई सरपंच का चयन किया जाता है।

इसी प्रक्रिया के तहत पंचायत भवन में 20 पंचों की बैठक बुलाई गई थी। सभी पंचों ने सर्वसम्मति से ऊषा केवट को आगामी चुनाव तक के लिए सरपंच चुना। पूर्व सरपंच कम्मोद केवट को कांग्रेस समर्थित माना जाता था जबकि ऊषा केवट को भाजपा समर्थित बताया जा रहा है। इस चुनाव प्रक्रिया को मोहनगढ़ तहसीलदार राजेंद्र सिंह परमार, दामोदर विश्वकर्मा और सुल्तान सिंह घोष ने संपन्न कराया।

## मत्स्य संपदा योजना अभियान में शामिल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि धरती आवा जनजातीय ग्राम उत्कृर्ष अभियान वर्ष 2025-26 हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समस्त गतिविधियों को शामिल किया गया है।**

धरती आवा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना बर्ष 2025-26 अंतर्गत टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले के चयनित ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

जिले के पात्र, इच्छुक आवेदक 15 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे।

## राजस्व के लंबित प्रकरणों का करें निराकरण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारे, सीमाकंन तथा फार्मर आईडी के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक 15 दिवसीय विशेष राजस्व महाअभियान चलाकर निराकरण किया जाये। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत सभी अविवादित लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही करें किसी भी स्थिति में शिकायतें लंबित नहीं रहें।**

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी सर्वेयर गिरदावरी पर विशेष ध्यान देकर सही तरीके से करें,क्योंकि गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर ही भावांतर भुगतान योजना का लाभ किसानों को दिया जायेगा।

उन्होंने राजस्व प्रकरणों की रिपोर्ट की समीक्षा कर प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा तहसीलदार एवं संबंधित रीडर को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि अपने हल्का पटवारी से रिपोर्ट प्राप्त कर समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सभी रीडर एवं पटवारी अपनी-अपनी समझें तथा सभी अविवादित प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करें, कोई भी प्रकरण बिना कारण के लंबित नहीं रखा जाये। नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि कोई प्रकरण लंबित पाया जाता है, या रिकॉर्ड में कमियां पायी जाती हैं तो संबंधित तहसीलदार, रीडर पर उचित कार्यवाही की जायेगी। पटवारियों को बुलाकर तहसीलदार के समक्ष मौके पर ही नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण कराया।

## अधेड़ पर हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा

**घटना में प्रयुक्त सामग्री को किया बरामद**

**दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बैदऊ का है मामला**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**

**दिगौड़ा थाना पुलिस ने एक अधेड़ का हाथ काटने के आरोप में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी 29 सितंबर को हुई घटना के बाद से फरार थे। पुलिस ने इन्हें बछोड़ा के जंगल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है।**

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि 29 सितंबर को ग्राम बैदऊ निवासी लालू उर्फ हरनाम घोष 19 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने उनके पिता तिलक सिंह घोष पर जानलेवा हमला किया था। हमले में मनीष सिंह घोष,श्रीपत उर्फ सिरपत घोष, सजन घोष, झुमक घोष, रविन्द्र उर्फ बंटी घोष, राजवीर घोष, उपदेश घोष, नरेन्द्र सिंह घोष और उजबंती घोष शामिल थे। यह सभी एक बोलेरो वाहन में फरसा, कुल्हाड़ी और लाठी लेकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने तिलक सिंह घोष पर जान से मारने की नीयत से गंभीर हमला किया था। इस मामले में दिगौड़ा थाने में कई धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए घटना के बाद मुख्य आरोपी श्रीपत उर्फ सिरपत घोष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने मनीष सिंह घोष, सजन घोष, और झुमक घोष तीनों निवासी ग्राम बैदऊ को बछोड़ा के जंगल में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार फरसा, लाठी और बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया है।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, कल्याण सिंह यादव, राकेश घोष, आनंद सुडेले, अनिल रिछारिया, विजय घोष, राघवेन्द्र, नीलू सिंह, जगभान रजक, अंकित साहू और महिला आरक्षक राखी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दिगौड़ा थाना पुलिस ने एक अधेड़ का हाथ काटने के आरोप में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी 29 सितंबर को हुई घटना के बाद से फरार थे। पुलिस ने इन्हें बछोड़ा के जंगल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है।

**अनियमित्ता** ▶ नागरिकों ने परिषद के अध्यक्ष से शिकायत कर लगाए आरोप

# पानी टंकी के निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी



**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**नगर पंचायत के द्वारा वार्ड क्रमांक एक में स्थित पठेश्वरी मंदिर के पास पानी टंकी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। अनियमितताओं की शिकायत वार्डवासियों के द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष से की गई है। बताया गया है की वार्ड क्रमांक एक के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए नगर परिषद की ओर से टंकी निर्माण व पाईप लाईन विस्तार की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए लाखों रुपए मंजूर हुए है। मगर पानी टंकी के निर्माण कार्य में ठेकेदार मनमानी करते हुए लापरवाही कर रहे हैं।**

नगर परिषद कार्यालय के उपयंत्री का ठेकेदार पर नियंत्रण नहीं होने से काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। नागरिकों ने बताया कि उपयंत्री एवं कर्मचारी मौका स्थल का कब और किस समय निरीक्षण करके चले जाते हैं, इस बात की भनक आसपास के लोगों को नहीं लग पाती है। स्थानीय नागरिकों के द्वारा निर्माण कार्य को लेकर असंतोष की स्थिति में बीते शनिवार को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा एवं वार्ड नंबर 14के पार्षद कमलेश अहिरवार के द्वारा टंकी निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण कार्य में कुछ कमियां पाई गई एवं मौके पर उपयोग की जा रही बालू की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए।

अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा ने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए नगर परिषद कर्मचारियों को मौका स्थल की जांच किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की बात को ध्यान में रखते हुए कहा कि नगर के विकास कार्यों को लेकर गुणवत्ता में इसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। पलेरा। नगर पंचायत के द्वारा वार्ड क्रमांक एक में स्थित पठेश्वरी मंदिर के पास पानी टंकी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। अनियमितताओं की शिकायत वार्डवासियों के द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष से की गई है। बताया गया है की वार्ड क्रमांक एक के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए नगर परिषद की ओर से टंकी निर्माण व पाईप लाईन विस्तार की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए लाखों रुपए मंजूर हुए है।

### अध्यक्ष ने दिए जांच के निर्देश

नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा इस मामले में बताया कि नगर में जो भी ठेकेदार काम कर रहे हैं उन्हें सही तरीके से काम करना होगा। पतेश्वरी मंदिर पर जो पानी टंकी का निर्माण हो रहा है उसका निरीक्षण करने पहुंचा तो वहां पर बालू खराब लगाई जा रही थी तत्काल अधिकारियों को जांच के निर्देश देकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

## अशासकीय स्कूलों को मान्यता की अनिवार्यता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गयी है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है।**

कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है। अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपये के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्धारित प्रक्रिया से मान्यता नवीनीकरण आवेदन करने के लिये पोर्टल 29 सितम्बर, 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है।

## खस्ताहाल सड़क को लेकर प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**बड़गांव तहसील के ग्राम पंचायत ककरवाहा में शनिवार को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण गांव में खस्ताहाल सड़क से परेशान हैं।**

गांव के देवघाट रैकवार मोहल्ले में सड़क की स्थिति बेहद खराब है। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ जमा हो गया है जिससे लोगों को आने.जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण काशीराम रैकवार ने बताया कि सड़क इतनी खराब है कि बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि रैकवार बस्ती में 250 से 300 लोग रहते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि खस्ताहाल सड़क को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई हैं लेकिन न तो कर्मचारी ध्यान दे रहे हैं और न ही पंचायत की ओर से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क पर मुरम डलवाकर उसकी मरम्मत कराई जाए ताकि आवागमन सुचारु हो सके।प्रदर्शन के दौरान विक्रम सिंह बुंदेला, निरभान यादव, गोलोंजी रैकवार, चंदू रैकवार, कोमल रैकवार, पूर्णिमा रैकवार मौजूद रहे।